आर्ट्स प्रॅक्टिस

आर्ट्स प्रॅक्टिस योजना की समीक्षा, जस्टिन मॅकार्थी, नीलम मानसिंग, गीतांजली राव और संजय काक इनकी विशेषज्ञ समितीने, वर्ष २०२० में की थी| समीक्षा की प्रक्रिया को मदत करने हेतु, हमने, भारत की कलाक्षेत्रसे और कल्याणकारी संस्थांओंसे, कलाक्षेत्र को जिस सहाय्यता की जरूरत है, उस के बारे में , राय मंगाई थी| (हमारा, दृक्श्राव्य कला और चलचित्र और प्रयोग और साहित्य इन के संदर्भ में लिखा हुआ , 'व्हॉईसेस फ्रॉम द फिल्ड' रिपोर्ट देखिए)| समितीने, आयएफए को कुछ सिफारिशें की थी और ये आर्ट्स प्रॅक्टिस योजना उन सिफारिशों का नतीजा है|

आर्ट्स प्रॅक्टिस योजना के अंतर्गत ऐसी परियोजनाएं बनाई गई है की जिस की तहत, कलाकार उन की कलानिर्मिती नई दिशा में ले जा सकेंगे| प्रायोगिकता का मूलतत्व कायम रख के, यहाँ प्रस्थापित परंपराओं को चुनौती दी जा सकती है| विषयों की, प्रारूपों की और माध्यमों की कक्षाओं को फैलाया जा सकता है| अवकाश, दर्शक और समाज को बांधें रखने के नए रास्तें ढूंढें जा सकते है|

परियोजना का स्वरूप, नई संकल्पनाओं को ढूँढना, कलात्मक निर्मिती कर ना, वैचारिक आदानप्रदान और सम्मेलन का आयोजन करना , आवासीय कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन करना , इन के लिए मौके उपलब्ध करना और कलाकारों के बीच का नाता दृढ़ करने के लिए मौके बढ़ाना, ऐसा हो सकता है| ये योजना, अंग्रेजी के सिवा अन्य भारतीय भाषाओं में काम हो और अलगअलग कलाक्षेत्रों में सहयोग बढ़ें इस के लिए प्रोत्साहित करेगी| आयएफए के कर्मचारीयों के साथ विचार-विमर्श कर के, आप अपना प्रस्ताव, लिखित या दृक्श्राव्य स्वरूप में तय्यार कर सकते है|

इस योजना के अंतर्गत, निम्नलिखित विभागों में, परियोजनाएं शुरू की जाएगीं:

1. **शोध**:
   जो कल्पनाएं नई, चौंका देनेवाली या अभूतपूर्व है उनका अभ्यास करना, उनके साथ प्रयोग करना; इसमें आगे जाके प्रत्यक्ष कलानिर्मिती हो सकेगी या नहीं भी हो पाएगी| इन में संशोधन करना, स्क्रिप्ट लेखन, कल्पनारंजन (jamming), कथारचना (storyboarding), कलाभ्यास (rehearsing), प्रयोग कर ना और अन्य संशोधनात्मक कार्य से जुड़े हुए कल्पनांओं का समावेश होगा|
   अर्थसहाय्य (Budget): ज्यादा से ज्यादा रुपये ७५,०००/-
   कॅलेंडर: प्रस्ताव, साल में एक बार , खुली प्रतियोगिता से , मंगाएं जाएंगे|

2. **निर्मिती**:
   सादरीकरण, दृक्श्राव्य, डिजिटल, साहित्यविषयक या इन में से कोई भी कला प्रकार एकसाथ लेके कलानिर्मिती कर ना| इस में नाट्यनिर्मिती, नृत्य और सांगीतिक कार्यक्रम, स्थापत्य, प्रदर्शन, किताब, मासिक और अन्य प्रकाशन, चलचित्र सादरीकरण, खे ल, संवादमाध्यम (interfaces) या डिजिटल और अन्य प्रकार की कलानिर्मिती करना, इन का समावेश हो सकता हैं|
   अर्थसहाय्य (Budget): ज्यादा से ज्यादा रुपये ५,००,०००/-
   कॅलेंडर: प्रस्ताव, साल में एक बार , खुली प्रतियोगिता से , मंगाएं जाएंगे|

3. **कार्यशाला, आवासीय कार्यक्रम, परिसंवाद**:

वैचारिक आदानप्रदान, संवाद, चर्चा, शिक्षा और शैक्षणिक वृद्धी (mentorship) ये प्रोत्साहित हो ऐसा माहोल बनाना| इस में इस तरह की आवासीय कार्यक्रम का समावेश हो सकता है जिस में कलाकार बनाएं जाएँगे, सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और प्रयोगिकता को अवसर प्राप्त होगा; कार्यशाला, परिसंवाद और अन्य सम्मेलन, जिन में ज्ञानवृद्धी, दृष्टीकोन तैयार करना और कलानिर्मिती का प्रसार करना ये हो सकता हैं|

अर्थसहाय्य (Budget): ज्यादा से ज्यादा रुपये ३,००,०००/-

कॅलेंडर: प्रस्ताव, सालभर भेजे जा सकते हैं|

4. **कला मंच**:

प्रत्यक्ष या अन्य तरह से रिश्तो को बढ़ाना और जगह बनाना, जिस में एक या अलगअलग कलाक्षेत्र के कलाकार आपसी रिश्ते मजबूत करने के लिए , सृजन के लिए और हमेशा चलती रहनेवाली योजनाओं के लिए एक साथ आ सकते हैं|

अर्थसहाय्य (Budget): ज्यादा से ज्यादा रुपये १,५०,०००/-

कॅलेंडर: प्रस्ताव, सालभर भेजे जा सकते हैं|

(शायद, आयएफए ने पहले किए हुए काम के प्रसार के लिए, अर्थसहाय्य दिया जा सकता है| ऐसी परियोजनाएं प्रोग्रॅम अफसर से, चर्चा कर के बनाए जा सकते हैं| अर्थसहाय्य प्रस्ताव के अनुसार तय किया जाएगा|)

आवेदन कौन भेज सकता है?

इस परियोजना के अंतर्गत प्रस्ताव कोई भी क्षेत्र या एक से अधिक क्षेत्र में कार्यरत कलाकार भेज सकेंगे| इन में निम्नलिखित लोगोंका समावेश हो सकता हैं:

- संगीत, ध्वनी, लेखन, नृत्य, आंदोलन, नाट्य, कठपुतलियों का खेल करनेवाले , कथाकार, जादूगर, सर्कस और अन्य कलाक्षेत्रों के कलाकार
- चलचित्र (वृत्तचित्र और कथापर आधारित), ॲदनिमेशन, छायाचित्रकार, प्रदर्शककार, नवमाध्यम में काम करनेवाले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), यांत्रिकनिर्मिती (robotics), संवादात्मक कलाप्रकार, खेल, चित्रकला, शिल्पकला, printmaking, कॉमिक्स और अन्य दृश्यकला क्षेत्र के कलाकार|
- संग्राहक (Curators), खास तौर पर जो संग्रहालय छोड़ के अन्यत्र कार्यरत होनेवाले|
- साहित्य से जुड़े हुए कवि, उपन्यासकार, नाटककार
- अलगअलग कलाक्षेत्रों में एक साथ काम करनेवाले कलाकार

पात्रता

प्रस्ताव भेजने के लिए आप का भारतीय नागरिक होना जरुरी है| आप के प्रस्तावित सहकारी भी भारतीय नागरिक होना अनिवार्य हैं|

किन्ही शंकाओं के समाधान के लिए या स्पष्टीकरण के लिए, सुमना चंद्रशेखर के साथ sumana@indiaifa.org या जॉन झेवियर्स के साथ john@indiaifa.org यहाँ संपर्क किया जा सकता है।

या आप यहाँ भी संपर्क कर सकते है:

Programme Officer, Arts Practice
India Foundation for the Arts
'Apurva' Ground Floor, No 259, 4th Cross
Raj Mahal Vilas 2nd Stage, 2nd Block
Bangalore – 560 094
Phone: 080-2341 4681 / 82